सोशल आडिट निदेशालय

ग्राम्य विकास विभाग, उ0प्र0
7वाँ तल, पी.सी.एफ. भवन, 32, स्टेशन रोड, लखनऊ–226001
Phone No.: 0522-2630878, Fax: 0522-4003787, E-mail: socialauditup@yahoo.in, Website: socialauditup.in

पत्रांकः578/ सो.आ.नि.–349 / 2015
दिनाँकः 12 दिसम्बर, 2015

प्रेषक,

निदेशक,
सोशल आडिट,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

विषयःदिनांक 18 दिसम्बर, 2015 को जिला विकास अधिकारियों की बैठक के सम्बन्ध में।

महोदय,

सोशल आडिट की समीक्षा हेतु जिला विकास अधिकारियों की बैठक का आयोजन दिनांक 18 दिसम्बर, 2015 को पूर्वान्ह् 11.00 बजे से अपरान्ह् 3.30 बजे तक यू0पी0आर0आर0डी0ए0 में किया जा रहा है।

2. बैठक में निम्न बिन्दुओं पर चर्चा होगीः–
   1. वर्ष 2015–16 में सोशल आडिट हेतु टीमों के प्रशिक्षण तथा सोशल आडिट प्रपत्र के सम्बन्ध में।
   2. सोशल आडिट हेतु वर्ष 2014–15 के मनरेगा रिपोर्ट डाउनलोड किए जाने की प्रगति।
   3. वर्ष 2016–17 के लिए सोशल आडिट टीमो का चयन।
   4. 18 जनपदों में सम्पन्न सोशल आडिट रिपोर्ट भारत सरकार तथा निदेशालय की वेबसाइट पर अपलोड करने की स्थिति।
   5. जिला / ब्लाक सोशल आडिट कोआर्डिनेटर के मानदेय भुगतान की स्थिति।
   6. गत वर्ष के सोशल आडिट टीमों के मानदेय भुगतान की स्थिति एवं देयताएँ।
   7. वर्ष 2013–14 तथा 2014–15 में सम्पन्न सोशल आडिट के सारांश प्रेषण की स्थिति।
   8. वर्ष 2013–14 तथा 2014–15 में सम्पन्न सोशल आडिट के संदर्भ में जनपदों में की गई कार्यवाही की प्रगति।
   9. अन्य बिन्दु अध्यक्ष महोदय की अनुमति से।

3. आपसे अनुरोध है कि दिनांक 18 दिसम्बर, 2015 को अपने जनपद के जिला विकास अधिकारी को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बैठक में आवश्यक सूचना के साथ प्रतिभाग करने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

12/12/15

(राजवर्धन)
निदेशक।

Arun 2015

पत्रांकः– 578 (1)/सो0आ0नि0– 349/2015, तद्दिनांक।
प्रतिलिपिः निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. प्रमुख सचिव, ग्राम्य विकास विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2. समस्त जिला विकास अधिकारियों को इस आशय से कि बैठक में स्वयं प्रतिभाग करने का कष्ट करें। उनके स्थान पर किसी अन्य नामित प्रतिनिधि को बैठक में प्रतिभाग करने हेतु न भेजा जाय।

12/12/15
(राजवर्धन)
निदेशक।

Arun 2015